तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 20 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ
4



## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा सामान्य प्रशासन की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक 20 जनवरी को आयोजित की गई है। सामान्य प्रशासन की बैठक प्रातः 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### संविदा स्वीकृत पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 27 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरुआत की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत सखी निवास के दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु 23 जनवरी तक आवेदन ऑनलाईन पर आमंत्रित किया गया था। जिसमें तिथि में वृद्धि करते हुए आवेदन अब 27 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट व कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### करियर प्वाइंट किड्स स्कूल में वार्षिक उत्सव 23 को

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 23 जनवरी को सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस संबंध में कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा के संचालक बी एल सागर ने बताया कि करियर प्वाइंट स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 23 जनवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गगन जयपुरिया सभापति जिला पंचायत जांजगीर चांपा होंगे। विशिष्ट तिथि के रूप में सुश्री प्रज्ञा यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह एवं श्रीमती रत्ना थवाईत विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह , गीता प्रसाद तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, एफ एल साहू, निरीक्षक जय कुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा आदि होंगे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न स्थानों पर लगेगा कैंप

**जांजगीर-चांपा।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के तत्वाधान में जिला पुलिस जांजगीर एवं जिला परिवहन विभाग जांजगीर चाम्पा द्वारा मंगलवार 20 जनवरी को थाना शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत मेला ग्राउंड में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तकइसके बाद 21 जनवरी को थाना पामगढ़ के थाना परिसर में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक एचएसआरपी एवं लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया जावेगा । लर्निंग लाइसेंस संबंधी एवं एचएसआरपी के आवेदन संबंधी प्रमुख दस्तावेज दसवीं की अंकसूची की छायाप्रति,राशन कार्ड जन्म प्रमाण पत्र,पते के प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, आधार कार्ड,निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति एक पासपोर्ट फोटोएवं निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं।

### कलेक्टर द्वारा 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**सक्ती।** सक्ती जिले में वर्ष 2026 के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा तीन स्थानीय अवकाश घोषित की गई है। उक्त अवकाश के दिनों में भी बैंको एवं कोषालय, उप कोषालय खुले रहेंगे। नवाखाई 18 सितम्बर शुक्रवार, दशहरा महाअष्टमी 19 अक्टूबर सोमवार और दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 9 नवम्बर सोमवार को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंको एवं कोषालय, उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### जिले में 1 लाख 3 हजार किसानों से 54 लाख 63 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

# धान बेचने के लिए सिर्फ आठ दिन, 20 हजार किसान नहीं पहुंचे उपार्जन केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए वैसे तो 31 जनवरी तक का समय शेष है, लेकिन अवकाश के दिनों को छोड़ दिया जाए तो सिर्फ 8 दिन का समय बच रहा है। इधर आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जिले में पंजीकृत 1 लाख 23 हजार किसानों में से 1 लाख 3 हजार किसानों से 54 लाख 63 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई है, जबकि पंजीकृत 20 हजार के करीब किसान अभी तक धान बेचने उपार्जन केन्द्र नहीं पहुंचे है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है, खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। इधर देखा जाए तो जिले में 1 लाख 23 हजार पंजीकृत किसान है, जिनके पंजीकृत रकबा के मुताबिक करीब 67 लाख क्विंटल धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 1 लाख 3 हजार 315 किसानों से 54 लाख 63 हजार 688 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इस हिसाब से देखा जाए तो पंजीकृत किसान व उनके पंजीकृत रकबा के आधार पर शेष 20 हजार किसानों से करीब 13 लाख क्विंटल धान की खरीदी होनी बाकी है। इसके लिए अवकाश के दिनों को छोड दिया जाए तो 8 दिनों का ही समय मिल रहा है।



अकलतरा के तहसील कार्यालय का घेराव करने पहुंचे किसान।

### जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की देखरेख में होगी धान खरीदी, जारी हुआ आदेश



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में सोमवार 19 जनवरी को धान खरीदी नोडल अधिकारी वासु जैन ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में निगरानी तथा सुचारू रूप से धान खरीदी कार्य सम्पादित करने के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रवार धान खरीदी अवधि तक नोडल के रूप में कार्य करने हेतु आदेशित किये है। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी को उपार्जन केन्द्रवार प्रतिदिन अपने निगरानी में धान खरीदी कार्य करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। साथ ही सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारियो को प्रतिदिवस आवश्यक जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सक्ती व धान खरीदी नोडल अधिकारी वासु जैन को प्रेषित करने कहा गया है। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में संचालित धान खरीदी कार्य से जुड़े समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि धान खरीदी के इन अंतिम दिनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गैर-जिम्मेदाराना रवैया बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ और धान खरीदी नोडल अधिकारी वासु जैन ने धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार ये सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी उपार्जन केंद्र नोडल के साथ-साथ प्रत्यक्ष रूप से धान खरीदी केंद्रों पर बैठकर संपूर्ण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। उन्होंने धान खरीदी कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर दोषियो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि फर्जी टोकन, गलत प्रविष्टि, धान की गुणवत्ता में अनदेखी अथवा किसानों के साथ अव्यवस्था की स्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आवक टोकन बंद होने से किसानों ने घेरा तहसील

**अकलतरा।** सेवा सहकारी समितियों में बीते लगभग 10 दिनों से धान बिक्री के लिए टोकन काटने की प्रक्रिया पूरी तरह बंद है। टोकन नहीं कटने के कारण किसान समितियों और संबंधित अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। इसी को लेकर किसानों ने सोमवार 19 जनवरी को तहसील कार्यालय अकलतरा पहुंचे और तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। किसानों का नेतृत्व कर रहे ग्राम पोंड़ी दलहा के सरपंच जितेंद्र सिंह ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो उनकी आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार अकलतरा को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर धान बिक्री के लिए टोकन काटने की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई, तो वे तहसील परिसर में सामूहिक आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने के लिए विवश होंगे। स्थिति को संभालते हुए तहसीलदार शशि भूषण सोनी ने किसानों से बातचीत की। तहसीलदार ने किसानो की ओर से दिए गए ज्ञापन को स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया तब जाकर किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

# 30 करोड़ की धोखाधड़ी आरोपी गिरफ्तार

### अकलतरा शहर के जवाहर नगर का मामला



जब्त बाइक के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

15 प्रतिशत ब्याज देने का लालच देकर 30 करोड़ की ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मामला अकलतरा शहर के जवाहरनगर का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम कामता निवासी प्रार्थी महेन्द्र कुमार कश्यप, ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी जान- पहचान प्रमोद कुमार वैष्णव, पिता स्व. मोचन दास वैष्णव, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी जवाहर नगर अकलतरा जून 2024 में मिला और स्वयं को रियल स्टेट व शेयर मार्केट का कारोबारी बताते हुए हर माह 15 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच दिया। आरोपी द्वारा भरोसा दिलाने हेतु अपने नाम से इकरारनामा एवं एचडीएफसी बैंक का 10 लाख का चेक प्रार्थी के नाम दिया गया। प्रार्थी ने अपनी बेटी की शादी हेतु धान बेचकर जमा किए गए 10 लाख नगद आरोपी को दे दिए। कुछ समय पश्चात आरोपी का मोबाइल फोन बंद आने लगा और वह घर से भी फरार पाया गया। कौशल प्रसाद कश्यप से 10 लाख तथा हीरा लाल कश्यप, निवासी चोरभट्टी से 5 लाख ठगे गए हैं। आरोपी द्वारा शेयर मार्केट एवं रियल स्टेट के नाम पर 10 से 15 अन्य लोगों से भी लाखों-करोड़ों रुपये की ठगी की गई है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फरार आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी ने कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं बिलासपुर जिलों में लगभग 30 करोड़ की ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से बरामद वेगनआर कार क्रमांक सीजी 11 एम 8955 अन्य कार क्रमांक सीजी 11-B-5814 यामाहा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बीएल सहित 20 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। अन्य अर्जित संपत्तियों, भूमि एवं मकान संबंधी जानकारी की विवेचना जारी है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 420 भा.दं.सं. के तहत अपराध सिद्ध पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# धान का अवैध भंडारण, 321 बोरी धान किया गया जब्त



जब्त धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिले में लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अवैध रूप से भंडारित 321 कट्टी धान जब्त किया गया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त तहसीलदार छपोरा अनुज पटेल ने तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम अचरितपाली निवासी अमरसिंह पिता धरमसिंह के ब्यारा से लगभग 321 बोरी धान जप्त किया गया। तहसील कार्यालय छपोरा से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम अचरितपाली निवासी अमरसिंह, पिता धरमसिंह के नाम से ग्राम अचरितपाली में 1.509 हेक्टेयर भूमिस्वामी मे दर्ज है। जो कि 5 जनवरी 2026 को टोकन कटवाकर धान बेचा जा चुके है। जांच दल द्वारा मौके पर पहुंचकर अमरसिंह के ब्यारे में लगभग 321 कट्टी धान होना पाया गया। जिसका उनके द्वारा कोई स्पष्ट दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच दल द्वारा कार्यवाही करते हुए 321 बोरी धान को जप्त किया गया एवं जप्त किए गए धान को कोटवार के सुपुर्दनामा में दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि में अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ताकि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।

### 24 तक थल सेना भर्ती रैली का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी तक बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में थल सेना भर्ती रैली रखा गया है। इस भर्ती रैली के लिए पूर्व में जून 2025 माह में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सीईई उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं 14 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसमें जीडी श्रेणी के 686 अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। 21 जनवरी को आयोजित होने वाली तकनीकी एवं ट्रेड्समैन के लिए 63 अभ्यर्थी युवा शामिल होंगे।

# गौ विज्ञान परीक्षा में साढ़े 5 हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले के 2 सौ से अधिक सरकारी एवं निजी स्कूलों में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 6 हजार छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराया था। जिसके तहत 5 हजार 685 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 315 छात्र अनुपस्थित रहे।

गौरतलब है कि सोमवार 19 जनवरी को एक साथ गौ विज्ञान परीक्षा जिले में कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं एवं नवमी से लेकर बारहवीं वहीं महाविद्यालय स्तर पर भी परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल होने मीडिल, हाई, हायर सेकेण्डरी शासकीय एवं



गौ विज्ञान परीक्षा दिलाते छात्र छात्राएं।

निजी विद्यालयों के 6 हजार छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराया था। जिसके तहत 5 हजार 685 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 315 छात्र अनुपस्थित रहे। शासकीय एवं निजी विद्यालय एवं महाविद्यालय से विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। ।गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में परीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौ,राष्ट्र एवं जगत कल्याण के लिए सामूहिक सवा करोड़ श्री सुरभ्ये नमः मंत्र का जप भी किया गया।साथ ही विद्यार्थियों को गौ वंश से पंच परिवर्तन ,विषय पर प्रबोधन एवं गौ सेवार्थ प्रतिज्ञा भी कराई गई। राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों के बीच उत्साह देखने को मिला इसके प्रथम चरण की परीक्षा आज दोपहर 1 बजे से पूरे प्रदेश में एक साथ प्रारंभ हुई। प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी 8 फरवरी को होने वाली दूसरे चरण की परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विद्यार्थी तीसरे चरण की परीक्षा में सहभागी होंगे जो अप्रैल माह में रायपुर में आयोजित की जाएगी। प्रदेश स्तर के विजेताओं को क्रमशः 51 हजार 31 हजार रुपए एवं 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# डीजी ऑपरेटर की नौकरी पाने पहुंचे 32, 23 युवाओं का हुआ सलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महाराष्ट्र की पैरेलियन टेक्नोलौजी कंपनी द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नौकरी पाने के लिए 32 बेरोजगार युवा पहुंचे, जिनमें से 23 का चयन किया गया है।

ज्ञात हो कि जिला रोजगार एवं



मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा हर महीने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है, ताकि बेरोजगारों युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दी जा सके। इसी कड़ी में सोमवार 19 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें पेरेलियन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में डीजी ऑपरेटर के 20 पदों के लिए बेरोजगार युवाओं से आवेदन लिए गए। जिसके तहत 32 युवाओं ने नौकरी पाने आवेदन जमा किए। जिसमें से 23 युवाओं का चयन किया गया। इस तरह का कैंप हर महीने आयोजित किया जाता है।

### सुरक्षा उपायों के लागू होने से सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी

# ब्लैक स्पॉट स्थानों का एसपी व डीटीओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का एसपी एवं जिला परिवहन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस बीच अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा उपायों के लागू होने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

गौरतलब है कि सोमवार 19 जनवरी को जिले के ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए



ब्लैक स्पाट क्षेत्रो का निरीक्षण करते एसपी एव डीटीओ।

दिए। आवश्यक सुझाव जिले के सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चांपा विजय कुमार पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी एवं रोड निर्माण एजेंसी द्वारा 17 जनवरी को जिले के ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमरताल मोड़ पानी टंकी के पास, अकलतरा मोड़ पामगढ़, मुनूंद बौक जांजगीर, आजाद बौक बनारी, हथनेवरा चौक, तालदेवरी मोड़ बिर्रा सहित आरसमेटा चौक, मुलमुला चौक एवं खोखरा से पामगढ़ मार्ग का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु संबंधित निर्माण एजेंसी को मार्गों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने, स्पीड ब्रेकर निर्माण व सुधार, संकेतक बोर्ड लगाने, सड़क पर सफेद मार्किंग करने, पेड़- झाड़ियों की कटाई- छंटाई, कैट आई एवं ब्लिंकर लगाने तथा सड़क शोल्डर की मरम्मत के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन सुरक्षा उपायों के लागू होने से जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर कमी आयेगी। एसपी व डीटीओ ने अमरताल मोड़ पानी टंकी के पास, अकलतरा मोड़ पामगढ़, मुनूंद बौक जांजगीर, आजाद बौक बनारी, हथनेवरा चौक, तालदेवरी मोड़ बिर्रा सहित आरसमेटा चौक, मुलमुला चौक एवं खोखरा से पामगढ़ मार्ग का अवलोकन किया गया, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुरियारी का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 जुलाई 2022 को बीरबल कश्यप द्वारा पीड़िता को बुरी नीयत से बेइज्जती करने के नियत से छेड़छाड़ करने लगा। जिसकी सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा नाबालिक बच्चे पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए तीन वर्षों से फरार आरोपी बीरबल कश्यप को पकडा गया जिसको पूछताछ करने जुर्म स्वीकार किये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र शुक्ला आरक्षक नितिन द्विवेदी का योगदान रहा।



# पांच साल पुरानी पोस्ट पर खड़ा हुआ हंगामा

**मुंबई।** एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक स्क्रीनशॉट वायरल है, जिसमें एक लड़की भूषण कुमार और नोरा फतेही के लिंकअप पर बात कर रही है। वह कहती है, 'नोरा लग्जरी बैग, कपड़े, कार का खर्च कैसे उठा सकती हैं। वह पोस्ट में इसकी वजह भूषण कुमार के साथ उनके कथित रिश्ते को बताती है। यह पोस्ट लगभग पांच साल पुरानी है। लेकिन, हाल में भी जब इस पोस्ट का स्क्रीनशॉट सामने आया तो नोरा ने इस पर रिएक्शन दिया और लिखा, 'वाउ'। इस तरह कहीं ना कहीं नोरा ने इन अफवाहों पर मजाक उड़ाया है।

लाइफ Style

# त्रिधा

## मेरे सामने उसे गलत तरीके से टच किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अक्सर स्टार्स के साथ छेड़छाड़ और कास्टिंग काउच की खबरें सुनने को मिलती हैं। कई बार एक्ट्रेसेस को फिल्मों और सीरियल्स में रोल के बदले कंप्रोमाइज के ऑफर तक दिए जाते हैं।

ऐसे में अब जानी मानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी ने भी अपनी एक फीमेल को-एक्ट्रेस संग सेट पर हुई एक ऐसी ही घटना का जिक्र अपने हालिया इंटरव्यू में किया। त्रिधा ने बताया कि कैसे उसे उनके ही सामने गलत तरीके से टच किया गया था। त्रिधा चौधरी जल्द ही कपिल शर्मा के साथ फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आने वाली हैं। मूवी में उनके साथ बिग बॉस फेम और 'धुरंधर' के आइटम सॉन्ग से चर्चा में आईं आयशा खान भी नजर आने वाली हैं। ऐसे में त्रिधा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस दौरान त्रिधा ने प्रोफेशनल लाइफ के साथ पर्सनल लाइफ पर किए गए सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में त्रिधा से पूछा कि क्या कभी किसी ने गलत तरीके से अप्रोच किया है। आयशा ने बिग बॉस में बताया था कि उनके साथ ऐसा कुछ हो चुका है। इस पर त्रिधा ने खुलासा किया, 'फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के सेट पर एक बार किसी ने आयशा खान को गलत तरीके से छुआ था, और यह घटना उनकी आंखों के सामने हुई थी। त्रिधा अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'हालांकि, उन्होंने मौके पर कोई विरोध नहीं किया लेकिन बाद में इस बारे में बात की और कहा कि ऐसी घटनाओं से बचना चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



# ऑल दैट में की थीं काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार कियाना अंडरवुड का सिर्फ 33 साल की उम्र में निधन हो गया है। वो निकेलोडियन के 'ऑल दैट' के आखिरी सीजन में नजर आई थीं। कियाना अंडरवुड 2005 में लोकप्रिय स्केच कॉमेडी सीरीज 'ऑल दैट' के सात एपिसोड में अमांडा बाइनेंस, निक कैनन और केनन थॉम्पसन जैसे सितारों के साथ नजर आई थीं। उन्होंने निकेलोडियन के 'लिटिल बिल' में भी काम किया था। बिल कॉस्बी द्वारा निर्मित एनिमेटेड सीरीज 'लिटिल बिल'में उन्होंने मुख्य किरदार की चचेरी बहन फुच्सिया ग्लोवर को आवाज दी।




# अवतार: फायर एंड ऐश ओटीटी पर होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स कैमरून ने साल 2009 में पहली बार 'अवतार' फिल्म बनाई थी। अब इसका तीसरा पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म को अब आप घर बैठकर देख सकते हैं। हालांकि, ऑफिशियल ऐलान होना बाकी है। जेम्स कैमरून की साइंस-फिक्शन मूवी 'अवतार: फायर एंड ऐश' ने ग्लोबली बॉक्स ऑफिस पर 11,200 करोड़ रुपए कमाई की। ये 19 दिसंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब आप इसे घर बैठकर ऑनलाइन देख सकते हैं। जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी 'अवतार 3' को ग्लोबली दर्शकों का जबरदस्त रिएक्शन मिला। इसने वर्ल्डवाइड 11,200 की कमाई कर ली है। हालांकि, भारत में सभी भाषाओं में 170 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया।



# रणवीर नहीं, विजय की दीवानी हैं सारा

**मुंबई।** 'धुरंधर' में 20 साल की सारा अर्जुन ने इतनी कम उम्र में वो मुकाम हासिल किया, जिसे पाने में स्टार्स को सालों लग जाते हैं। 'धुरंधर' की सक्सेस के बाद सारा हर जगह सुर्खियों में बनी हुई हैं। लेकिन, आप जानकर हैरान होंगे कि जिस एक्टर के साथ पर्दे पर उनकी केमिस्ट्री को इतना पसंद किया जा रहा है, वो ही उनका फेवरेट स्टार नहीं, बल्कि कोई और है। दरअसल, हाल ही में सारा अर्जुन 'यूफोरिया' फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। जहां सारा ने अपनी मौजूदगी से हर किसी का ध्यान खींचा। ऐसे में सारा से पूछा गया कि वो किस एक्टर की सबसे बड़ी फैन हैं? लोगों को उम्मीद थी कि वो अपने 'धुरंधर' में उनके को-एक्टर रणवीर सिंह का नाम लेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सारा ने फटाक से जवाब देते हुए कहा कि वो साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा को काफी पसंद करती हैं।



# राजकुमार ने किया बिटिया का नामकरण...

**मुंबई।** राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेबी गर्ल की पहली झलक फैंस को दिखाई है। साथ ही बेटी के नाम से भी पर्दा हटाया है। कपल ने 15 नवंबर, 2025 को बेटी का स्वागत किया था। रविवार को उन्होंने बेटी का नामकरण किया है। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक संयुक्त पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर के साथ लिखा है, 'हाथ जोड़कर और पूरे दिल से, हम अपने सबसे बड़े आशीर्वाद से आपको मिलवा रहे हैं'। आगे उन्होंने बेटी का नाम लिखा है, 'पार्वती पॉल राव'। राजकुमार राव और पत्रलेखा ने अपनी बेटी की पहली झलक भी हालिया पोस्ट के जरिए दिखाई है। हालांकि, कपल ने बेटी का चेहरा रिवील नहीं किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर की है, जिसमें पत्रलेखा और राजकुमार राव ने अपने हाथों में नन्ही परी का हाथ थाम रखा है।

टीवी मसाला



# आनंद कुमार की सुपर 30 का स्टूडेंट पहुंचा शार्क के मंच पर

**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया के पिछले सीजन ऑडियंस के बीच जबरदस्त हिट रहे हैं। देशभर से लोग अपना नया आईडिया लेकर शार्क के पास फंडिंग के लिए पहुंचे थे। शो की सफलता देखते हुए शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 आया और आते ही हिट हो गया। इस बार शो पर आनंद कुमार की सुपर 30 से उनका एक पुराना स्टूडेंट पहुंचा है जिसने अपने बिजनेस आईडिया से शार्क को भी हैरान कर दिया। आदित्य आनंद नाम के इस शख्स ने बताया कि इन्होंने आनंद कुमार की सुपर 30 वाले बैच से अपनी पढ़ाई की थी। और अपना बिजनेस चला रहे हैं। आदित्य मुंगेर बिहार के रहने वाले हैं। आनंद कुमार के जीवन पर ही ऋतिक रोशन की फिल्म सुपर 30 बनाई गई थी। आनंद कुमार गरीब बच्चों को फ्री और कम से कम पैसों में पढ़ाते हैं। आदित्य भी एक समय में उनकी सुपर 30 का हिस्सा रहे हैं। आनंद कुमार से पढ़ने के बाद आदित्य ने **IIT** का एंट्रेंस एग्जाम पास किया और **IIT** कानपुर से अपनी पढ़ाई पूरी की। आदित्य ने बताया कि उन्होंने पांच साल तक काम किया और खुद सेविंग कर अपना नया बिजनेस शुरू किया है जो किसी भी कंपनी के डाटा स्टॉक रिसर्च में मददगार है। ये काम वो **AI** की मदद से करते हैं। आदित्य की ये बातें सुन सभी शार्क खुश हुए। बता दें, इसके अलावा शार्क के मंच पर कई बिजनेस आईडिया पहुंचे थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 के कंटेस्टेंट्स की सामने आई टेंटेटिव लिस्ट

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' का साल 2025 में दर्शक इंतजार ही करते रह गए और ये शो टेलीकास्ट ही नहीं हुआ।



मगर अब इसके प्रीमियर को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले इस शो को हर बार की तरह रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे। 'बिग बॉस तक' की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 15' की शूटिंग जहां पहले जनवरी में शुरू होनी थी। वहीं, अब दावा किया जा रहा है कि मई में सभी एपिसोड्स शूट किए जाएंगे और जून, 2026 में इसका प्रीमियर होगा। हालांकि, अभी किस जगह पर सेट बनाना है, ये तय नहीं हुआ है। मेकर्स अभी लोकेशन को फाइनलाइज करने का काम कर रहे हैं। शो को लेकर कंटेस्टेंट्स की टेंटेटिव लिस्ट्स भी सामने आई है। 'बॉम्बे टाइम्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना और रनर-अप रहीं फरहाना भट्ट इस सीजन का हिस्सा हो सकती हैं। इनके अलावा, अभिषेक बजाज, बसीर अली का भी नाम सामने आ रहा है।

# 2016 के ट्रेंड में शामिल हुईं भूमि

## शेयर की अक्षय के साथ पहली तस्वीर

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर भी बॉलीवुड की बाकी सेलेब्स की तरह सोशल मीडिया पर '2016' ट्रेंड में शामिल हो गई हैं। अपनी तस्वीरों की एक पोस्ट में भूमि ने उस साल के कई पलों को साझा किया है, जिनमें अक्षय कुमार के साथ उनकी पहली तस्वीर, बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन के लिए पिलाटेस सेशन शामिल हैं। भूमि की ये पोस्ट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भूमि ने 2015 में फिल्म दम लगा के हईशा से अपनी एक्टिंग की शुरुआत की थी। आयुष्मान खुराना के साथ इस फिल्म में भूमि ने एक मोटी टीचर का रोल निभाया था। उस समय उन्होंने पुरानी सोच को तोड़कर अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया था। 2016 में उन्होंने अपना वजन कम किया और अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' में काम किया। अपनी नई पोस्ट में, भूमि ने 2016 के कुछ यादगार पलों को शेयर किया, जैसे उनका पहला फोटोशूट और बॉडी चेंज की तस्वीरें। भूमि पेडनेकर ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, '2016 सपनों से भरा साल था। 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के सेट पर- पहली स्लाइड में भूमि ने 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' के सेट से अक्षय के साथ एक मजेदार सेल्फी शेयर की है। दूसरी स्लाइड में उनके पहले फोटोशूट की तस्वीर है, जिसमें वो काली ड्रेस में पोज दे रही हैं। फिल्मफेयर मैगजीन में भूमि का पहला फीचर 2016 में आया था। उन्होंने अपने शरीर को बदलने के लिए पिलाटेस किए थे। भूमि की तस्वीरों में एक मजेदार तस्वीर अक्षय कुमार के साथ है। दोनों सेल्फी में साथ हैं, और पीछे एक भारतीय टॉयलेट दिख रहा है। आखिरी तस्वीर उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर के साथ है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और लोग इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं।



# केवल एक घर में शूट हुई ये दिल छू लेने वाली फिल्म

**मुंबई।** अगर आप हिंदी फिल्में देखने के शौकीन हैं और कुछ नया और अलग कंटेंट देखना चाहते हैं तो हम आपको साल 2022 में आई एक ऐसी शॉर्ट फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो आपको यकीनन पसंद आएगी। फिल्म में न तो बहुत से डायलोग्स हैं और न ही बहुत सारे किरदार, फिर भी ये हिंदी फिल्म यकीनन आपके दिल को छू लेगी। फिल्म में जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम है द लास्ट एनवेलप। फिल्म में केवल तीन किरदार हैं। फिल्म नें अनु कपूर, शीबा चड्ढा और तेहरान बख्शी नजर आए हैं। इस फिल्म की खास बात है कि फिल्म को केवल एक घर में शूट किया गया है। फिल्म में केवल एक लोकेशन और तीन कलाकार हैं।



### जापान की इस सर्विस पर आधारित है फिल्म

यह फिल्म जापान में 1990 में शुरू हुई उस सर्विस पर आधारित है जहां सर्विस प्रोवाइडर्स कस्टमर्स को एक्टर्स प्रोवाइड कराते हैं जो उनके करीबी और रिश्तेदारों की जगह घर आते हैं और परिवार के साथ थोड़ा टाइम बिताते हैं और उनके रिश्तेदारों की तरह ही एक्ट करते हैं। यह सर्विस सबसे पहले जापान में शुरू हुई थी ताकि एक आदर्श सामाजिक व्यवस्था और बुजर्गों के प्रति स्वस्थ और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाया जा सके।

### क्या है फिल्म की स्टोरीलाइन?

फिल्म की शुरुआत ऐसे मां-बाप से होती है जो अपने बेटे के बर्थ डे पर उसके घर आने का इंतजार कर रहे होते हैं। मां अपने बेटे के लिए उसके मन का खाना बना रही होती है। पिता घर की सफाई कर रहे होते हैं। फिर दरवाजे पर दस्तक होती है। माता-पिता दरवाजा खोलकर बेटे का स्वागत करते हैं। पूरा परिवार एक साथ एंजॉय कर रहा होता है कि तभी बेटे की नजर घड़ी पर पड़ती है और कमरे में सन्नाटा छा जाता है। इसके बाद कहानी में एक ट्विस्ट आता है। ऐसा ट्विस्ट जो किसी को भी इमोशनल कर सकता है।

## अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं

# 9 भाषाओं में बनाई गई ये तेलुगू फिल्म, 8 में हुई हिट

*मुंबई। करीब 26 साल पहले एक ऐसी तेलुगू फिल्म रिलीज हुई थी जिसे कई भाषाओं में बनाया गया था। एक शानदार कहानी जिसने कई मेकर्स को प्रभावित किया। आठ भाषाओं में सफल होने वाली इस फिल्म का हिंदी रीमेक फ्लॉप निकला। साल 2005 तेलुगू भाषा में एक फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने उस समय के बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिलाकर कर रख दिया था। सिर्फ 4 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 18 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। ये फिल्म इतनी पसंद की गई कि हिंदी समेत 9 भाषाओं में बनाया गया। 8 भाषा में जबरदस्त सफलता मिली लेकिन सिर्फ हिंदी में ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई। इस फिल्म का तेलुगू नाम है 'नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना'। इस नाम का हिंदी मतलब है 'अगर तुम आना चाहती हो, तो क्या मैं मना कर दूं?'।*

### अनोखी रोमांस पर आधारित थी

प्रभुदेवा के डायरेक्शन में बनी फिल्म नुव्वोस्तानान्ते नेनोददंताना एक्टर सिद्धार्थ, तृषा, श्रीहरी के साथ मिलकर बनाई गई थी। फिल्म में एक छोटे रोल में प्रकाश राज भी नजर आए और खुद डायरेक्टर प्रभु देवा ने कैमियो किया था। फिल्म एक अनोखी रोमांस पर आधारित थी। उस समय ऐसी कहानी कम ही देखी गई थी इसलिए इस तेलुगू वर्जन को ऑडियंस ने खूब प्यार दिया। फिल्म को IMDB पर 7.9 की रेटिंग मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म की कहानी सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रेरित थी। फिल्म रिलीज हुई थी तो भीड़ थिएटर के बाहर जमा होने लगी थी। ये सबूत था इस फिल्म की सफलता का। बाद में इस फिल्म को 9 भाषाओं में बनाया गया।




### रमैया वस्तावैया 2013 में हुई थी रिलीज

साल 2006 में इसी फिल्म का तमिल रीमेक रिलीज हुआ जिसका नाम था उनक्कुम एनाक्कुम, कन्नड़ में नीनेलो नानाल्ले, बंगाली में आई लव यू, मणिपुर में निंगोल थाजबा, ओड़िया में सुना चढ़ी मो रूपा चढ़ी, पंजाबी में तेरा मेरा की रिश्ता, बंगलादेशी में निसाश अमर तुमि, नेपाली में द फ्लैश बैक: फर्केरा हेर्दा, हिंदी में बनाई गई थी रमैया वस्तावैया जो साल 2013 में रिलीज हुई थी।

### हिंदी में फ्लॉप

हिंदी रीमेक रमैया वस्तावैया का रिलीज हु थी। इस फिल्म को ओरिजिनल डायरेक्टर प्रभु देवा ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्म में गिरीश कुमार श्रुति हासन लीड रोल में थे और सोनू सूद ने निभाया था भाई का किरदार। 38 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 36 करोड़ ही कमाए थे। बॉक्स ऑफिस पर ये अकेली रीमेक फिल्म थी जो फ्लॉप हुई। अपना बजट भी नहीं निकाल पाई थी। हालांकि ऑडियंस ने इस फिल्म का म्यूजिक पसंद किया था।

**खबर संक्षेप**

## कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ



**तुस्मा।** तुस्मा के शबरी डेरा मोहल्ला में शनिवार 18 जनवरी को भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्री अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ। शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ भव्य कलश यात्रा से की गई। नवधा पंडाल स्थल पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण,माता सीता,हनुमान जी एवं भगवान शंकर की आकर्षक झांकी सजाई गई है,जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। झांकी के समक्ष भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। इसके पश्चात विधिवत कलश यात्रा प्रारंभ की गई। कलश यात्रा में समस्त मोहल्लों के महिला-पुरुष,युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं राम नाम के जयघोष और ढोल-मंजीरे की मधुर ध्वनि ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। यात्रा नवधा पंडाल स्थल से प्रारंभ होकर सड़क पारा मोहल्ला, बाड़ा पारा, ज्योदगीर मोहल्ला, नीम कुआं, महामाया चौक और आमा पारा मोहल्ला होते हुए ग्राम देवतहा तालाब डोंगिया पहुंची। देवतहा तालाब में पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल दास महाराज देवरघटा वाले थे। इस अवसर पर समाज सेवी प्रकाश बंसल शिवरीनारायण, नेहा रामचरण साहू जिला पंचायत सदस्य, दिनेश कुमार साहू जनपद सभापति नवागढ़, सुष्मिता तरुण साहू सरपंच ग्राम पंचायत तुस्मा, गोपीचंद साहू उप सरपंच, कमल प्रसाद पटेल एवं रामकुमार बंजारे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## मेहर समाज का दो दिवसीय जिला स्तरीय आमसभा 24 से

**नवागढ़।** मेहर समाज का जिला स्तरीय आम सभा का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को अमोदा में रखा गया है। कार्यक्रम के पहले दिन 24 जनवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास का गुरु पूजन प्रातः 10 बजे होगा। इसके बाद बैठक का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात दूर-दूर के गांव में से मिले हुए समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। द्वितीय दिवस 25 जनवरी को समाज हित का अन्य कार्य को अमल करने की शपथ लिया जाएगा और पदाधिकारी का चुनाव किया जाएगा । सामाजिक नियम का पालन किया जाएगा, शपथ लिया जायेगा। अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा। मेहर समाज के अध्यक्ष रामप्रसाद राही ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घिवरा का मामला

# स्कूल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परिसर घिवरा में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। स्कूल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में बच्चे पढ़ने आते हैं। जिम्मेदार शिक्षा विभाग और विद्युत विभाग की उदासीनता से ट्रांसफार्मर का इस तरह खुला और असुरक्षित होना कभी भी बड़ी घटना घट सकता है।

गौरतलब है कि विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला घिवरा के विद्यालय परिसर में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर को लगाकर विद्युत विभाग खुला छोड़ दिया है। बिना सुरक्षा और घेरा किए विद्युत ट्रांसफार्मर को खुले में लगाना विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने कई बार संबंधित शिक्षा विभाग और विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी लिखित में दिया गया है, लेकिन अब तक इस दिशा में पहल नहीं की गई है। बारिश के मौसम में करंट फैलने और हादसे की आशंका और भी बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट नहीं किया गया या उचित सुरक्षा घेरा नहीं बनाया गया, तो भविष्य में गंभीर हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और विद्युत विभाग की होगी। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरा पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय परिसर में विद्युत विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर लगाकर खुला छोड़ने से बेवजह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर अध्ययन करने वाले बच्चों के साथ अभिभावकों ने ट्रांसफार्मर को अन्यत्र हटाने की मांग किए हैं।



स्कूल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर।

**कई बार किए हैं पत्राचार**

ट्रांसफार्मर को अन्यत्र हटाने के लिए शिक्षा विभाग के अलावा विद्युत विभाग को भी कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

-**श्रीमती अनीता पांडेय,** प्रधान पाठक
शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरा

**शीघ्र हटाया जाएगा ट्रांसफार्मर**

शीघ्र ही विद्युत ट्रांसफार्मर को विद्यालय परिसर से अन्यत्र हटाया जाएगा।

-**छत्रपाल दीवान,**
सहायक अभियंता
विद्युत उप संभाग, हसौद

# जल्दबाजी या लापरवाही के कारण अधिकतर होते हैं हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। इसी के तहत वाहन परिचालकों एवं वाहन परिचारकों को सोमवार 19 जनवरी को शपथ दिलवाया गया।

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से देश भर में सड़क सुरक्षा माह 2026 उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है।

- गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए वाहन परिचालकों को दिलाया गया शपथ

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम की इस वर्ष की थीम सड़क सुरक्षा नायक बनें सुनिश्चित किया गया है। प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि आज हम सब यहां एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय सड़क सुरक्षा पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि सरकार एवं अनेक संस्थाओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यातायात के नियमों को समझने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जीवन ईश्वर का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है और इसकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। अक्सर हम देखते हैं कि थोड़ी सी जल्दबाजी या लापरवाही ही बड़े हादसों का कारण बनती है। सड़क पर चलते समय हमारी एक छोटी सी भूल न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे परिवार और दूसरों के लिए भी घातक हो सकती है। उन्होंने सभी से कुछ संकल्प लेने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें और सड़क पार करते समय दोनों तरफ सावधानी से देखें। हेलमेट पहनने या सीट बेल्ट लगाना कभी न भूलें, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग कभी न करें। नियम हमारी स्वतंत्रता को रोकने के लिए नहीं बल्कि हमें सुरक्षित रखने के लिए बनाए गए हैं। आप इस देश का भविष्य हैं और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़क सुरक्षा के संदेश को अपने घर और पड़ोस तक पहुंचाना आपकी जिम्मेदारी है। इसलिए हम सब मिलकर शपथ लें कि हम यातायात नियमों की पूरी निष्ठा से पालन करेंगे और देश की सड़कों को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान देंगे। सड़क सुरक्षा माह के सफल आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता, समन्वयक राजेश ओबराय ने बच्चों, परिवहन परिचालकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए।



उपस्थित स्कूल स्टाफ के साथ वाहन चालक एवं परिचालक।

## छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को 8 सूत्री मांगों को लेकर 17 जनवरी को ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष डीपी मनहर एवं पार्टी महासचिव रतनलाल कैवर्त में बताया कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के समान ही छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को भी 3 प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता देय तिथि जुलाई 2025 से ही दिये जाने,मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य पुर्नगडन 2000 की धारा 49 अधिनियम 6 को छत्तीगसढ़ राज्य से विलोपित किये जाने,छत्तीसगढ़ राज्य के जो शिक्षक 30 जून और 31 दिसम्बर को सेवा निवृत्ता हुये हैं उन्हें तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ तत्काल दिये जाने, पेंशनरों का 80 वर्ष आयु पूर्ण होने पर जो 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की राशि दिया जाता है उसे 70 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने पर 20 प्रतिशत अतिरिका पेंशन का लाभ दिये जाने। ( क्योंकि अधिकांश पेंशनर 80 वर्ष तक जीवित नहीं रहे पाते।),छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट और वरिष्ठ पुरुष नागरिकों 40 प्रतिशत की रियायत वरिष्ठ पेंशनरों को भी दिये जाने, प्रत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों एवं वहसीलों में पेंशनर कार्यालय के लिए एक-एक भवन बैठक करने हेतु प्रदान किये जाने, छठवें वेतनमान 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक की 32 माह का एरियर्स तथा सातवें वेतनमान का 21 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 तक की 27 माह का एरियर्स की राशि पेंशनरों को दिये जाने सहित छत्तीसगढ़ के पेंशनधारियों को मुख्यमंत्री पोजनान्तर्गत रेल से तीर्थयात्रा प्रतिमाह प्रदान किये जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन सौंपने प्रतिनिधि मंडल में प्रांत अध्यक्ष डीपी मनहर, प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त, रायपुर जिला शाखा अध्यक्ष युनूस कुरैशी,राजेंद्र चंद्राकर, के एस मिश्रा, रूपेश तिवारी, एम एल खांडे, होरीलाल परिहा, यशपाल सिंह गजेंद्र, करणसिंह अटेरिया राधेश्याम वर्मा शामिल थे।






